हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 11 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 तहसील में समय पर नहीं हो रहे काम कॉल सेंटर...



14 बच्चों में अंग्रेजी का भय दूर करने शिक्षकों को दिया...





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-11/08/24


# जिले में गिनती के ही पुलिस निरीक्षक, एएसआई के भरोसे चल रहे थानों व शाखा का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज कार्यालय के अधीन बेमेतरा के पुलिस विभाग में इन दिनों गिनती के ही इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों की उपस्थिति देखने को मिल रही है। लिहाजा बेमेतरा के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील थानों का चार्ज उपनिरीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारियों पर यह दारोमदार नज़र आ रहा है, जो कि पुलिस महकमे के लिए एक बड़ी गम्भीर ओर चुनौतीपूर्ण समस्या बन गई है। बता दें कि बेमेतरा के पुलिस विभाग में फिलहाल 9 थाने, 06 चौकी एवं करीब आधा दर्जन ब्रांच-सेल स्थापित हैं। उनमें से थाना एवं प्रमुख शाखाओं में प्रभारी के रूप में पुलिस इंस्पेक्टर की तैनाती काफी अहम है। जबकि असल में देखा जाए तो ज़िले में सिर्फ चार ही निरीक्षक हैं, जिनमें से दो निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा साजा थाना एवं प्रमोद शर्मा परपोड़ी थाना में पदस्थ हैं। ये दोनों थाने बेरला सब डिवीजन अंतर्गत आते हैं। वहीं, अन्य दो निरीक्षक कृष्णकांत सिंह फिलहाल रिजर्व फोर्स सेंटर एवं सन्तोषी ग्रेस महिला सेल की प्रभारी के रूप में चल रही हैं। जबकि बाकी अन्य थानों व शाखाओं में इंस्पेक्टर की जगह सब इंस्पेक्टर रैंक के ही ऑफिसर ही इंचार्ज का कार्यभार संभाल रहे हैं। उनमें से प्रदेश कैबिनेट मंत्री का गृह क्षेत्र एवं नेशनल हाईवे पर स्थित ▶▶ शेष पेज 12 पर

- जिले में पूर्व घटित हुए बहुचर्चित घटनाक्रमों के बाद भी अफसरों की तैनाती नहीं

## जरूरत 11 की, पर केवल 04 अफसरों के भरोसे थाने व सेल




**मुख्यालय को दी जाएगी जानकारी-** दरअसल ज़िलों में निरीक्षकों की तैनाती पुलिस मुख्यालय द्वारा होती है। इस संबंध में एसपी के माध्यम से जानकारी हेड क्वार्टर को दी जाएगी। रेन्ज स्तर पर पुलिस हमेशा सक्रिय व तत्पर है।
-रामगोपाल गर्ग, आईजी, दुर्ग रेन्ज

### जिले में हैं 9 थाने

उल्लेखनीय है कि बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की स्थापना ज़िला नवगठन के साथ ही 01 जनवरी 2012 को हुआ था, जिसमे वर्तमान में पुलिस के दो अनुविभाग बेरला एवं बेमेतरा है। जिसके अधीनस्थ 09 थानों में सिटी कोतवाली बेमेतरा, नांदघाट, नवागढ़, बेरला, साजा, थान-खम्हरिया, दाढ़ी, चंदनु, परपोड़ी एवं 06 उपथानों में देवरबीजा, मारो कण्डरका, खण्डसरा, सम्बलपुर, देवकर चौकी कार्यालय के साथ रक्षित केंद्र, यातायात, सायबर ब्राँच, डीएसबी शाखा, महिला सेल, अजाक थाना एवं पुलिस कंट्रोल रूम के रूप में प्रशासनिक सेटअप स्थित है। जहाँ से पुलिस कप्तान के दिशानिर्देश पर समूचे ज़िलेभर में विभिन्न प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी कर जरूरी कार्यवाही करते हुए कानून व्यवस्था को नियंत्रित की जाती है।

उपलब्धि : लक्ष्य और मुस्कान प्रोग्राम ने दिलाई राष्ट्रीय पहचान

# जिला अस्पताल बेमेतरा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

देश में बच्चों के स्वास्थ्य में दिये जाने वाली सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं को सर्टिफिकेशन करने वाली पहल है मुस्कान। तो वहीं सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पर पहल है लक्ष्य। बच्चों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में और प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पहल पर बेमेतरा जिला अस्पताल ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। जिला अस्पताल को लक्ष्य और मुस्कान कार्यक्रम के बेहतर संचालन से राष्ट्रीय पहचान मिली है। नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा इसके लिए की गई पहल मुस्कान, लक्ष्य के अंतर्गत इन्हें क्वालिटी सर्टिफिकेट दिया गया है। इसके लिए जिला अस्पताल बेमेतरा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। जिला अस्पताल की प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु और शिशुरोग विभाग के एचओडी डा. दीपक ▶▶ शेष पेज 12 पर

- दिल्ली की टीम ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को सराहा



## एक्सरे, सोनोग्राफी, ईसीजी, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी जांच निःशुल्क

सिविल सर्जन डा. चुरेंद्र ने बताया कि एक्सरे,सोनोग्राफी, ईसीजी ब्लड बैंक,पैथोलॉजी लैब की सभी प्रकार की सेवा जांच निःशुल्क है। इससे बच्चों के इलाज के लिए काफी सुविधा होती है। कुपोषित बच्चों के लिए एनआरसी की सुविधा है। इस प्रकार छोटे बच्चों के लिए शासन ने इस अस्पताल में बड़ी अच्छी सुविधा दी है। उन्होंने बताया कि एनआरसी में आक्यूपेंसी काफी अच्छी रहती है और यहां बच्चों के पोषण का अच्छी तरह से ध्यान रखा जाता है। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल को इन उपलब्धियों के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. यशवंत कुमार ध्रुव और जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे एवं जीवनदीप समिति के सदस्यों ने भी इसके लिए सराहा है।

### एसएनसीयू यूनिट की स्थापना से बढ़ी सुविधा

जिला अस्पताल बेमेतरा में एसएनसीयू यूनिट स्थापित किये जाने से नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी सुविधा हो गई है। साथ ही पैथोलॉजी, एक्सरे, सोनोग्राफी, ईसीजी,ब्लड बैंक भी आरंभ होने से कई ताह के जांच निःशुल्क किये जा रहे हैं। इस वजह से बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित किया ही जा रहा है।

# सैगोना में शनिवार को फिर मिले डायरिया के 7 मरीज, अब तक 45



## स्वास्थ्य विभाग का दावा 30 स्वस्थ हो चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम सैगोना में बीते तीन चार दिनों से डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है। गांव के रहवासी उल्टी दस्त से ग्रस्त हैं। वहीं, स्वास्थ्य अमला उपचार में जुटा हुआ हुआ है और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। इस बीच शनिवार को भी गांव में 7 नये मरीज मिले हैं। इन्हें मिलाकर अब तक गांव में 45 मरीज मिल चुके हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 30 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, वहीं 10 मरीजों का उनके घर पर ही वर्तमान में उपचार जारी है, जबकि 5 मरीजों का जिला चिकित्सालय बेमेतरा में रख कर उपचार किया जा रहा है। गौरतलब हो कि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एके वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य टीम का कैंप ग्राम पंचायत में लगाया गया है। शनिवार स्वयं बीएमओ ने डायरिया से ग्रसित लोगों के घरों में पहुंच कर हालचाल जाना। इसके साथ ही उनके घरों से पीने के पानी का सैंपल लैब टेस्ट कराने जहां लिए। वहीं, इस बात की भी सलाह दी गई कि वे सब इस बीमारी से ▶▶ शेष पेज 12 पर

- 10 का घर में उपचार, 5 जिला अस्पताल में भर्ती

## खबर संक्षेप

### शासकीय हाई स्कूल बैहरसरी की छात्राओं को मिली सायकिल



**दाढ़ी/छिरहा।** शासकीय हाई स्कूल बैहरसरी में शनिवार को कक्षा नवमीं की पात्र छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल वितरण किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष हरिराम साहू के साथ छात्राओं के पालक भी उपस्थित रहे। सरस्वती सायकल योजना का लाभ कक्षा नवमीं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सभी छात्राओं व अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीबी रेखा सूची में शामिल परिवार के छात्राओं को दिया जाता है। हाई स्कूल बैहरसरी में कुल 28 छात्राएं पात्र हैं, जिन्हें सायकिल दी गई। प्राचार्य जेपी कांत ने छात्राओं से कहा कि सायकल प्राप्त होने से अब घर से शाला की दूरी कम हो जाएगी, जिससे सभी की निर्धारित समयानुसार नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी तथा अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। इस अवसर पर संकुल समन्वयक जितेन्द्र सिन्हा, व्याख्याता देवानंद पटेल, मणिशंकर बिंझवार, बी भारती, नवदीप जनार्दन उपस्थित रहे।

### हाटरांका स्कूल में मना नागपंचमी का त्यौहार



**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटरांका में शनिवार को नागपंचमी का त्यौहार मनाया गया। भारतीय संस्कृति परंपरा के अनुसार नागपंचमी का त्यौहार को भी महत्वपूर्ण त्यौहार माना जाता है। श्यामपट्ट पर नागदेव की चित्र बनाकर एवं उसकी उतार कर पूजा पाठ दूध से अभिषेक भी कराया गया। उसके बाद बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य डीएल भुवार्य समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे। उन्होंने बच्चों को समझाया कि हमें सर्पों को मारना नहीं चाहिए। हर जीव-जंतुओं की रक्षा करनी चाहिए। इस मौके पर कक्षा नवमी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने कक्षाओं में नागदेव के छायाचित्र की पूजा की। हालांकि नागपंचमी का त्यौहार शुक्रवार को मनाया गया, लेकिन शुक्रवार को आदिवासी दिवस का अवकाश होने के कारण यह त्यौहार शनिवार को मनाया गया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही घटना मानवता को शर्मसार करने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

धर्मांध बांग्लादेशियों ने वहां शांतिपूर्ण जीवन यापन कर रहे हिन्दू धर्मावलंबियों और सनातनियों पर जो क्रूरतापूर्ण अत्याचार कर रहे हैं, बर्बरतापूर्वक जिंदा जलाया जा रहा है। बांग्लादेश की कट्टर मजहबी भीड़ द्वारा हिन्दू माताओं और युवतियों को बलात्कार कर वीडियो पोस्ट किया जा रहा है। यह मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

उक्त बातें अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव एवं निर्वाणी अखाड़ा के शिष्य डॉ सौरभ निर्वाणी ने कही। डॉ निर्वाणी के साथ संत समाज के राष्ट्रीय सचिव जमात मंदिर के महंत नरेंद्र दास ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं और हिन्दू मंदिरों के साथ जो किया जा रहा है, वह मजहबी उन्माद का प्रतीक और सनातनी हिन्दुओं के प्रति उनकी चिरकाल से मन में बैठी घृणा का प्रगटीकरण है, जो फूट कर बाहर आ गया है।



उन्होंने कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश की यह घटना शांत हिन्दुओं के मन को उकसाने वाली है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस देश के मठ मंदिरों में शास्त्र के साथ शस्त्र की भी शिक्षा दी जाती है, यह भूलना नही चाहिए। उन्होंने कहा कि नागा साधुओं के तेज और बल के इतिहास से सभी परिचित हैं। हिन्दुओ पर अत्याचार करने वालों को यह ख्याल होना चाहिए कि भारत के विभिन्न राज्यों में बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू शांत और सहनशील हैं, लेकिन अब ऐसे अवैध प्रवासियों को खदेड़ने का वक्त आ गया है। नवागढ़ ▶▶ शेष पेज 12 पर

- निर्वाणी अखाड़ा और संत समाज प्रमुखों ने जताया आक्रोश

# डीईओ कार्यालय के सामने वाहनों की बेतरतीब पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने सड़क पर इर्द-गिर्द गाड़ियाँ खड़ा कर देने से व्यवस्था चरमरा गई है। कार्यालय जिला शिक्षा विभाग में पदस्थ जितने अधिकारी व कर्मचारी व कार्यालीन कार्य से आने वाले शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी अपने दो पहिया, चार पहिया वाहनों को कार्यालय के समीप सड़क पर खड़ा कर देते हैं। इससे सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों सहित राहगीरों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर कई अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके व सड़कों की व्यवस्था सुगम बनी रहे। लेकिन, शिक्षा विभाग कार्यालय बेमेतरा के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ही नियम-कानून खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कार्यालय पार्किंग की अव्यवस्था के चलते अधिकारी अपनी ही गाड़ियों को सड़क किनारे इधर उधर खड़ा कर दिया जाता है जिससे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। एक तरफ शिक्षा विभाग के अधिकारी कई नियम को बयां करते हैं उन्ही अधिकारी के द्वारा ही नियम का खुलेआम उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। वहीं, कार्यालय में पार्किंग की सुविधा होने के बाद भी सड़क किनारे अपनी गाड़ियों को खड़ा करना पसंद करते हैं। लिहाजा जिला बेमेतरा के तहसील, अनुविभागीय राजस्व, जिला विधिक, पीडब्ल्यूडी कार्यालय सड़क मार्ग से होते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय आता है, जहां पर सड़क की अव्यवस्था का आलम देखने को मिला रहा है। यह मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवाजाही लगा रहता है। इन्हीं सड़क मार्ग से कई अधिकारी, कर्मचारी, यात्रियों सहित क्षेत्रवासियों का दैनिक व रोजमरा की कार्य संबंधित लोगों का आना जाना लगा रहता है। वही दूसरी तरफ शिक्षा विभाग के सामने इर्द गिर्द गाड़ियों के जमावड़ा से लोगो के लिए दिक्कते सामने आ रहे है। जिस पर नगर पालिका एवं यातायात विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देने से कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।




अपने घरों में तिरंगा फहराने प्रेरित करने के लिए बच्चों ने निकाली रैली

# घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा के नारों से गूंजा केशतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जनभागीदारी हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला तथा प्राथमिक शाला केशतरा विकासखण्ड साजा में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा और घर-घर तिरंगा लगाने के लिए बच्चों की रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीण जनों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।

घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा बुलन्द नारों से तिरंगे झंडे की जय घोष करते हुए रैली निकाली गई। इस दौरान यह तिरंगा झंडा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। तिरंगा डाकघर से लायेंगे, घर घर तिरंगा फहरायेंगे, जैसे नारों से आसमान गुंजायमान हो गया। रैली के दौरान गाँव की गलियों का भ्रमण करते हुए एवं ग्रामीणों से अपने घरों में तिरंगा फहराने का निवेदन किया गया। तिरंगा लगाने रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि सभी को अपने घर तिरंगा फहराना है। पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पवन कुमार साहू ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है हमारा राष्ट्र ध्वज हैं। राष्ट्र ध्वज का सम्मान करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है जिसे हम सभी को निभाना है हमारा देश, हमारी मातृ भूमि, हमारी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमें प्राणों से भी अधिक प्यारा है।



### शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ रसोइए भी हुए शामिल

जनभागीदारी हाई स्कूल की प्रभारी प्राचार्य नेमेश्वरी साहू ने देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए गए तथा सभी से अपने घरों में तिरंगा फहराने का अनुरोध किया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गणेश्वर ठाकुर ने सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई देते हुए इसी तरह शाला में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रदीप ठाकुर, गीतेश देवांगन, ओंकार प्रसाद डड़सेना, चौहान, रोशन महिलांगे, गौतम राम, सीमा चक्रधारी आदि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर रसोईया बसंता ठाकुर, चित्रेखा चक्रधारी, चम्पा बाई, दुलेश्वरी बाई, साहू पवन ठाकुर भी उपस्थित थे।

### शिवलिंग स्थापना के लिए किया भूमिपूजन



**बालोद।** शहर के जवाहर पारा वार्ड 11 में शिवलिंग स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर शिव शक्ति महिला मंडल का भी गठन किया गया। इसमें वार्ड 11 जवाहर पारा की महिलाएं तथा बुद्ध जीवी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सेल्फ मेकअप और हेयर स्टाइल प्रशिक्षण का समापन

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन संस्था द्वारा गुरुवार को धरसींवा विकासखंड के ग्राम धनेली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में सेल्फ मेकअप एवं हेयर स्टाइल की कक्षा का समापन किया गया। यह प्रशिक्षण 1 अगस्त से प्रारंभ किया गया था। मेकअप एवं हेयर स्टाइल का प्रशिक्षण याशिका मेथानी ने देते हुए शुरुआती दो दिनों में बेसिक मेकअप के गुण सिखाए तथा दो दिन हेयर स्टाइल के बारे में बताया। समापन के दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय निषाद, केंद्रीश श्री साहू, शशिकांत साहू, विनोद साहू, भुनेश्वरी साहू, भुनेश्वरी बाघ एवं हेमा मानिकपुरी मौजूद रहे।

### धोबी समाज कूंरा राज का वार्षिक अधिवेशन आज से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी का आवश्यक बैठक एवं कूंरा राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन धोबी समाज के सामुदायिक भवन धरसींवा में 11 एवं 12 अगस्त को रखा गया है। कूंरा राज अध्यक्ष महेश कुमार निर्मलकर ने बताया कि 11 अगस्त को सुबह कोर कमेटी की बैठक के बाद दोपहर 2 बजे अतिथियों को आगमन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं धरसींवा विधायक अनुज शर्मा होंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मलकर करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, मुख्य चुनाव अधिकारी पीपी बलभद्र, प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे, चित्ररेखा निर्मलकर, एलआर निर्मलकर, कृष्णकुमार वर्मा, महेश नायक, विजय अग्रवाल, मदन गोयल, वहीदा बेगम, करीम खान, साहिल खान, इकबाल मोहम्मद कुरैशी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

### भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव, शोभायात्रा आज

**रायपुर।** सिंधु विकास समिति गुरु रामदास नगर ईदगाहभाठा द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ सिंधी छेज डांडिया का प्रदर्शन युवा करेंगे। साथ ही सिंधी समाज की 51 महिलाएं-युवतियां सिर पर कलश लेकर बहराणा साहिब के साथ-साथ नगर भ्रमण करेंगी। शोभायात्रा का शुभारंभ गोदड़ीधाम की महंत अम्मा मीरादेवी द्वारा किया जाएगा। सुबह 11 बजे अखंड जोत दर्शन, पूजा-अर्चना शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में होगी। नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण के बाद शोभायात्रा का समापन रामकुण्ड स्थित सरोवर में विसर्जन के साथ किया जाएगा। शाम 2 बजे से भोग भंडारा भी होगा।



### ऋणी किसान अब 25 तक करा सकेंगे फसल बीमा



**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा ऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराए जाने की तिथि को 16 अगस्त से बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है, जबकि अऋणी कृषकों के लिए फसलों का बीमा कराने की तिथि 16 अगस्त तक की निर्धारित रहेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पूर्व में 31 जुलाई तक फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने ऋणी और अऋणी किसानों के बीमा कराने की तिथि 16 अगस्त तक कर दिया था। अब भारत सरकार ने ऋणी किसानों को और रियायत देते हुए फसल बीमा कराने की तिथि 25 अगस्त तक बढ़ा दी है।

# बलौदाबाजार आगजनी घटना के बाद प्रशासन भी अलर्ट, अग्निशमक यंत्रों को समय रहते कराया रीफिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में हुई आगजनी की घटना को देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टोरेट में शॉर्ट सर्किट या अन्य किसी भी कारण से आगजनी जैसी घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए अग्निशमक यंत्रों को समय रहते जांच कराते हुए रीफिलिंग करा लिया गया है। वैसे अग्निशमक यंत्रों की हर साल रीफिलिंग कराई जाती हैं, लेकिन इस बार सुरक्षा की दृष्टि से समय से पहले ही यंत्रों की रीफिलिंग करा ली गई है, ताकि आग लगने की स्थिति बनने पर फायर बिग्रेड गाड़ियों के आने के पहले ही इन यंत्रों की मदद से छोटी-बड़ी आग को भीषण रूप लेने से पहले काबू पाया जा सके।

## आगजनी जैसी घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए तैयारी

### सभी दफ्तरों के बाहर लगे अग्निशमक यंत्रों का किया गया रीफिलिंग

*कलेक्टोरेट के सभी विभागों में लगे अग्निशमक यंत्रों का रीफिलिंग किया गया है। रिफिलिंग के दौरान सभी यंत्रों में एक साल के बाद की तारीख लिखी गई है, ताकि आगामी वर्ष में इन यंत्रों का समय पर दोबारा रीफिलिंग की जा सके।*




### अग्निशमक यंत्रों की लाइफ 5 से 15 वर्ष तक

व्यवसायिक दुकान, भवन व घरों पर आमतौर पर एबीसी अग्निशामक यंत्र लगाए जाते हैं जिनकी एक्सपायरी डेट 5 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की होती है, लेकिन इन यंत्रों का हर साल रीफिलिंग कराना भी जरूरी होता है। इन यंत्रों का रीफिलिंग कराने के बाद इनका उपयोग, रखरखाव और नियमित निरीक्षण भी करना उतना आवश्यक है, जितना आगजनी जैसी घटना होने पर इन यंत्रों का होना जरूरी है।

### कुछ मिनटों में आग ले सकती है भीषण रूप

*कलेक्टोरेट में ऐसे कई विभाग है, जहां पुराने दस्तावेज रखे हुए हैं। शॉट सर्किट की वजह से अगर इन दस्तावेजों में आग लगती है, तो कुछ मिनटों में ही आग भीषण रूप ले सकती है। ऐसे में इन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाया जा सकता है।*

### नियमित रीफिलिंग के लाभ

हर साल नियमित रूप से अग्निशमक यंत्र को रीफिलिंग कराने से यह पूरी तरह से चार्ज होता, जिससे किसी भी संभावित आग के खतरे से निपटा जा सकता है। इससे प्रतिष्ठान या घर में मौजूद सभी लोगों की सुरक्षा बढ़ जाती है। रीफिलिंग कराने से यह पता चल जाता है कि अग्निशमक यंत्र अच्छी स्थिति में काम कर रहा है और आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सकता है। इसके लिए हम आश्वस्त होते है।यहीं नहीं नियमित रीफिलिंग कराने से अग्निशमक यंत्र की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता को बनाए रखने में मदद मिलती है। घर व दफ्तरों में हम बिना डर के काम कर पाते हैं।

## अभी सक्रिय हैं सौ के करीब जनौषधि सेंटर, 500 करने की कवायद

# फिर से क्रियाशील होंगे पीएम जनौषधि केंद्र, धनवंतरी की भी समीक्षा की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




विभागीय उदासीनता के बाद बंद अथवा निष्क्रिय हो चुके प्रधानमंत्री जनौषधि केंद्रों को पुनः सक्रिय करने की तैयारी है। राज्य में इनकी संख्या 500 करने और हेल्थ सेंटरों के साथ सटीक लोकेशन पर दुकान प्रारंभ करने विभागीय मदद भी की जाएगी। इसके अलावा आने वाले दिनों में राज्य में संचालित धनवंतरी योजना की समीक्षा भी की जाएगी। जानकारी के अनुसार राज्य में वर्ष 2015 में प्रधामंत्री भारतीय जनौषधि परियोजना के तहत दो सौ के करीब दवा दुकान खोली गई थी। पर्याप्त महत्व नहीं मिलने की वजह से धीरे-धीरे इनकी संख्या घटती चली गई और आधी दुकानें या तो बंद हो गईं अथवा निष्क्रिय अवस्था में चली गई थीं। पचास से 70 प्रतिशत कम दामों में लोगों को दवा उपलब्ध कराने वाली इस योजना के तहत राज्य में खोली गई दुकानों को फिर से सक्रिय किए जाने की उम्मीद जागी है। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संकेत दिया है कि इन दुकानों के लिए विभागीय स्तर पर अधिकारियों से चर्चा कर इन दुकानों को फिर से खुलवाया जाएगा। इसके साथ स्वास्थ्य केंद्रों के साथ अन्य स्थानों पर दुकानों के संचालन लिए सटीक लोकेशन की व्यवस्था की जाएगी। आने वाले दिनों में इन दुकानों की संख्या बढ़ाकर पांच सौ के करीब करने और ईडीएल की दवाओं के साथ अन्य जरूरी मेडिसिन की व्यवस्था यहां करने का प्रयास किया जाएगा। राज्य में अभी धनवंतरी योजना के तहत दवा दुकानों के जरिए लोगों को दवा उपलब्ध कराई जा रही है। इनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की भी समीक्षा कर कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

- स्वास्थ्य केंद्रों के साथ सटीक लोकेशन पर खोलने विभागीय मदद भी

### पीएससी में भी खुलेगी

*भविष्य में जनौषधि केंद्रों को उन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी खोले जाने की तैयारी है, जहां उनकी सुविधा नहीं है। राज्य में वर्तमान में 157 सामुदायिक और 768 के करीब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हमर अस्पताल संचालित हैं। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें सस्ते दामों में दवा उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है।*

### तीन बड़े अस्पताल में मौजूद

*वर्तमान में पीएम जनौषधि केंद्र राजधानी के तीन बड़े अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सस्ते में दवा उपलब्ध करा रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल और एम्स में जनौषधि केंद्र का संचालन किया जा रहा है। एम्स में इसके अलावा अमृत फार्मेसी, आंबेडकर अस्पताल में रेडक्रास की दवा दुकान संचालित हो रही है।*

# तहसील में समय पर नहीं हो रहे काम कॉल सेंटर में आने लगी शिकायतें

## महीनेभर से परेशान बच्चों का बना निवास प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



तहसील कार्यालयों में समय पर लोगों के काम नहीं हो रहे हैं। इसकी शिकायतें अब कलेक्टोरेट के समस्या निवारण कॉल सेंटर में आने लगी हैं। दो दिन पहले खरोरा क्षेत्र के ग्राम भड़हा निवासी एक व्यक्ति ने तहसील कार्यालय में अपने दो बच्चों के निवास प्रमाणपत्र बनाने में की जा रही देर की शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि महीनेभर पहले बच्चों का निवास प्रमाणपत्र बनाने के लिए पूरे दस्तावेजों के साथ आवेदन किया था। इसके बाद भी तहसील कार्यालय में लगातार उन्हें चक्कर लगवाए जा रहे हैं। इसकी शिकायत कॉल सेंटर में मिलते ही दूसरे दिन दोनों बच्चों का निवास प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से बनाकर दे दिया गया।

### स्कूल में जमा करना था प्रमाणपत्र

भड़हा निवासी योगेश घृतलहरे ने शिकायत में बताया था कि उसके दोनों बच्चों का निवास प्रमाण-पत्र स्कूल में मांगा गया था, लेकिन आवेदन करने के बाद भी बच्चों का प्रमाण-पत्र बनाने में तहसील कार्यालय में देरी की जा रही थी। कॉल सेंटर में शिकायत मिलने के बाद संबंधित विभाग ने प्रकरण की जानकारी ली और दोनों बच्चों का तत्काल निवास प्रमाण पत्र बनवाया गया।

### दो माह की एक साथ मिली अंशदान राशि

*टिकरापारा निवासी साहिन बानो भी दो माह का अंशदान राशि नहीं मिलने से परेशान थी। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अंशदान राशि में जून और मई महीने की उसे नहीं मिल पाई थी, जिससे परेशान होकर उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की। इस शिकायत पर प्रशासन ने संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देकर दोनों महीने की रूकी अंशदान राशि जारी कराई।*

### रायपुर तहसील में भी चक्कर लगा रहे कई लोग

*रायपुर तहसील में भी जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं रोज चक्कर लगा रहे हैं। लालपुर निवासी सोनेश्वर ने बताया कि वह भी करीब दो सप्ताह से तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। पहले कुछ दस्तावेज कम कहकर उन्हें लौटा दिया गया था और बुधवार को जब वे दस्तावेज लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा तो एक घंटे तक दफ्तर का बाबू ही गायब मिला। बाबू जब आया तो आवेदन लेकर उन्हें सप्ताहभर बाद बुलाया गया है।*

# आंबेडकर अस्पताल का पेइंग वार्ड हुआ महंगा, अब देना होगा एक हजार प्रतिदिन

## पेइंग जनरल वार्ड का किराया भी तीन से बढ़कर पांच सौ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




बीमारी के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के जनरल वार्ड में असहज महसूस करने वाले मरीजों को अब पेइंग वार्ड के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। पहले एसी कक्ष का किराया 7 सौ था, जिसे बढ़ाकर एक हजार और जनरल कमरे का शुल्क तीन से बढ़ाकर पांच सौ कर दिया गया है। इन वार्डों में एसी की सुविधाओं को भी अपडेट करने की तैयारी की जा रही है। महामारी के दौरान इन पेइंग वार्ड का उपयोग कोरोना के मरीजों के उपचार के लिए किया गया था। आपदा समाप्त होने के बाद इसका उपयोग कम हो रहा था और वहां कमरों में लगाए एसी सहित अन्य समान खराब हो गए थे। इसके साथ ही सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन कक्ष का शुल्क भी बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इस पेइंग वार्ड की सुविधा प्राप्त करने के लिए विभागाध्यक्ष की सहमति और चिकित्सा अधीक्षक द्वारा सहमति लेना आवश्यक होता है। आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले ज्यादातर मरीज मध्यम अथवा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होते हैं, इसलिए इस पेइंग वार्ड का उपयोग कम होता है। इस तरह की सुविधा डीके अस्पताल में भी प्रारंभ करने की है मगर तकनीकी दिक्कतों की वजह से इस पर काम शुरू नहीं हो पाया है। एम्स के साथ राजधानी के तमाम निजी अस्पतालों में हैं, पेइंग वार्ड की सुविधा एक निर्धारित शुल्क के आधार पर मिलती है।

### नहीं सुधरी स्थिति

*अस्पताल के इमरजेंसी द्वार पर बारिश के दौरान बने गड्ढे की परेशानी अब तक नहीं सुधर पाई है। इन गड्ढों में भरा पानी तो सूख गया है मगर अस्पताल के दरवाजे तक एंबुलेंस के पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा जोखिम उन मरीजों के लिए होता जो वेंटिलेटर अथवा ऑक्सीजन की सहारे गंभीर स्थिति में दूसरे अस्पतालों से यहां रिफर होकर आते हैं। इन गड्ढों को पाटने के लिए स्थायी समाधान करने के बजाए अस्पताल प्रबंधन द्वारा कुछ ठेले बजरी लाकर डलवा दिया गया था जो लगातार हुई बारिश से धुल गया और परेशानी जस का तस रह गया।*

### कार्यकारिणी समिति का फैसला

*किराया बढ़ाने का फैसला कार्यकारिणी समिति की बैठक में हुई थी। संभागायुक्त महादेव कांवरे की मौजूदगी में दो दिन पहले हुई इस बैठक में अस्पताल से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। इसमें पोस्टमार्टम की व्यवस्था सुधारने और टेक्निशियन से संबंधित कमियों को दूर करने का फैसला भी लिया गया था।*

# चौपाटी हटाने, शराब दुकान बंद कराने, बिजली मूल्यवृद्धि वापस लेने धरना



**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं, व्यापार उद्योग जगत की परेशानियों को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में चौपाटी निर्माण का विरोध करते हुए आक्रोशित नागरिकों ने इसे बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। भाठागांव की शराब दुकान बंद करने, बुढ़ेश्वर मंदिर से सुंदरनगर स्मार्ट सड़क पूर्ण करने की मांग भी वक्ताओं द्वारा की गई। फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बूढ़ातालाब दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में बन रही चौपाटी को बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कहा कि इस चौपाटी को बनाने के लिए 20 साल में कई प्रयास हुए और हर बार शासन को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा है। भाठागांव में स्वामी आत्मानंद स्कूल के सामने की शराब दुकान और रिंगरोड के सर्विस रोड पर शराब दुकान को तत्काल बंद किए जाने की आवश्यकता है।

# बारिश से ठंडक के बीच स्वाइन फ्लू का खतरा, विभाग ने जारी किया अलर्ट

## जनवरी से लेकर अब तक सामने आ चुके 44 केस, एक्टिव सात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लगातार बारिश और मौसम में आई ठंडकता के बीच स्वाइन फ्लू का जोखिम बढ़ गया है। जनवरी से लेकर अब तक यानी एच1एन1 के कुल 44 केस राज्य में दर्ज किए जा चुके हैं, जिसमें से एक्टिव मरीजों की संख्या अभी सात है। विभाग ने स्वाइन फ्लू को देखते हुए अस्पतालों में इसे लेकर सावधानी बरतने का अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों की मानें, तो स्वाइन फ्लू के मामले अक्सर आते रहते हैं। बिलासपुर में दो लोगों की मौत के बाद थोड़ी चिंता बढ़ गई है। इसे लेकर विभागीय स्तर पर इस संक्रामक बीमारी का इलाज करने वाले जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और सीएमएचओ को पत्र जारी कर सावधानी बरतने के लिए कहा है। इस बीमारी के इलाज के लिए अस्पतालों में पर्याप्त दवा और पर्याप्त सुविधा का ध्यान रखा जाए, ताकि संक्रमण का विस्तार ना हो सके। जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संक्रमित मिलने वालों के क्लोज कांटेक्ट वालों की जांच की जाए और संक्रमितों की ट्रेवल हिस्ट्री की जानकारी ली जाए। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में स्वाइन फ्लू के अभी सात एक्टिव केस है जिसमें से चार बिलासपुर, एक जीपीएम तथा एक जांजगीर-चांपा जिले से संबंधित हैं।

### राजधानी में मिल चुके केस

राजधानी में स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ चुके हैं। बीते सात माह में यहां 16 लोगों को इससे संक्रमित पाया गया था। इनका इलाज निजी अस्पताल में किया गया था और यहां किसी की मौत नहीं हुई थी। अभी राजधानी में स्वाइन फ्लू का एक्टिव केस नहीं है। इस संक्रमण की वजह से बुखार, खांसी, गले में खराश, ठंड लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द की शिकायत होती है।

### सावधानी बरतना जरूरी

स्वास्थ्य विभाग के उपसंचालक डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि स्वाइन फ्लू संक्रामक बीमारी है। इससे बचाव के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाके में मास्क का उपयोग करना चाहिए। संक्रमित लोगों से एक निश्चित दूरी बनाए रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसे लेकर अधिक आयु वालों तथा को-मार्बिडिटी के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## पेज 11 के शेष...

### जिले में गिनती के...

एकमात्र थाना नांदघाट, ज़िला मुख्यालय स्थित शहर परिक्षेत्र का थाना सिटी कोतवाली, आपराधिक दृष्टिकोण से अहम नवागढ़ थाना, औद्योगिक रूप में महत्वपूर्ण बेरला थाना, राजनीतिक रूप से बहुचर्चित थाना थानखम्हरिया आता है। ज्ञात हो कि सालभर पूर्व साजा थाना में बहुचर्चित बिरनपुर साम्प्रदायिक हिंसा एवं बेरला थाना के पिरदा-बोरसी में बारूदी विस्फोट काण्ड जैसी घटना घट चुकी है। इसके अलावा निकटवर्ती बलौदाबाजार ज़िला में कलेक्टर-एसपी दफ्तर में हुई आगजनी की प्रायोजित घटना भी हुई है। उसके बावजूद जिम्मेदार उच्च ऑफिसर इस दिशा में रुचि नहीं ले रहे। बहरहाल क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए निरीक्षकों की तैनाती अत्यंत आवश्यक है। किन्तु शासन-प्रशासन द्वारा इस दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि दुर्ग आईजी रेंज के ही अन्य ज़िला बालोद में 09 एवं दुर्ग ज़िला में दर्जनभर से ज्यादा इंस्पेक्टर पदस्थ हैं, जबकि उनकी तुलना में बेमेतरा में मात्र 4 इंस्पेक्टर व करीब 15 एएसआई एवं 35 एएसआई की तैनाती है। जिस पर प्रदेश, रेंज व जिलास्तरीय पुलिस प्रशासन को संज्ञान में लेने की जरूरत है।

### जिला अस्पताल...

निराला ने बताया कि मुस्कान में एसएनसीयू, पीडियाट्रिक ओपीडी, एनआरसी आदि देखा जाता है। इस दृष्टि से यह जिला अस्पताल में बेहतरीन सुविधाओं की वजह से और गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सुविधा प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पहल कराने की वजह से लक्ष्य, मुस्कान क्वालिटी सर्टिफिकेट के लिए चुना गया है। सिविल सर्जन डा. संत राम चुरेंद्र ने बताया कि जिला अस्पताल बेमेतरा को इसमें 89 प्रतिशत स्कोर मिला है। उन्होंने बताया कि प्रसव कक्ष में एसएनसीयू में चौबीस घंटे सुविधा दी जाती है और स्त्रीरोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ लगातार प्रसव कक्ष के साथ बच्चों के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करते हैं। सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि मुस्कान कार्यक्रम के तहत क्वालिटी सर्टिफिकेशन के लिए पेशेंट की संतुष्टि बहुत जरूरी होती है। जिन बच्चों के अभिभावकों से बात की गई, उन्होंने इलाज के बारे में संतुष्टि जाहिर की। यहां डाक्टर्स अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में बताते हैं, जिससे अभिभावकों को संतुष्टि होती है।

**दिल्ली, हैदराबाद व सीधी के चिकित्सकों ने किया मूल्यांकन-** लक्ष्य और मुस्कान पहल के अंतर्गत जांच 24 और 26 जून 2024 को हुई थी। इसमें दिल्ली से डॉ अभिषेक तिवारी और हैदराबाद से डा. लावण्या के पटनम एवं सीधी से डॉ अकीला अंसारी शामिल थे। इन्होंने जांच की और हर बिन्दु में जिला अस्पताल को बहुत बेहतर पाया। जांच के दौरान डीपीएम लता बंजारे, हॉस्पिटल कंसल्टेंट डॉ स्वाति यदु, प्रभारी मेट्रन आरती दत्ता अस्पताल स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सैगोना में शनिवार...

बचने के लिए खान पान का विशेष ध्यान रखें।

**मितानिन को दें जानकारी-** इस दौरान आरएचओ राजेश जायसवाल ने कहा कि ज्यादा समस्या होने पर मितानिन को जरूर बताएं और ग्राम में लगे कैंप में आकर उपचार कराए जाने की सलाह दी। ग्राम पंचायत लगे कैंप में स्वास्थ्य टीम प्रभारी डा स्वदेश जायसवाल, आरएमए रवि वर्मा,ब्रजेश दुबे,निलेश देवांगन, सुपरवाइजर केके निर्मल, सरला पांडेय, आरएचओ राजेश जायसवाल, पुष्पेंद्र महंत, राजकमल कोरे, दयावती निषाद, सीएचओ चंचल साहू, लक्ष्मी वर्मा, ग्राम के मितानिन, कोटवार का ड्यूटी में लगे हुए हैं।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं...

रामजानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास ने कहा कि तथाकथित सेकुलर नेताओं और बुद्धजीवियों के मुँह से बांग्लादेश में हिन्दू माताओं के अस्मत लूटने वालों के विरोध में बोल नहीं फूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में पीढ़ियों से रह रहे मुसलमानों को तो इसकी निंदा करनी चाहिए। इस्कॉन मंदिर सहित सनातन हिन्दुओं के धर्मस्थलों को जलाया और तोड़ा जा रहा है। इसके विरोध में राज्य भर के मठ मंदिर और सनातन मत के साधु सन्यासी रविवार को पाड़ादाह में एकत्रित होकर आगे की योजना पर विचार रखेंगे। थानखम्हारिया जमात मंदिर के महंत बसंत दास, बलभद्री जमात के महंतों और निर्मोहि अखाड़ा के संतों ने भी आक्रोश जताया है।

# विधायक का जन्मदिन मनाया समर्थकों ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू का जन्मदिन समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में बड़े ही उत्साह से मनाया। विधायक श्री साहू ने वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा करने के बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता जन्मदिन मनाने एवं बधाई देने उमड़ पड़े। ईश्वर सोनकर, दिलीप साहू, अर्जुन साहू, विकास मिश्रा, ओमप्रकाश साहू, पार्षद नारद कौशल आदि अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। इनके अलावा रायपुर उत्तर के विधयक पुरंदर मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल तथा संगठन के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कुदारी दल्ली स्थित प्राथमिक शाला भवन की होगी मरम्मत

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुदारी दल्ली पहुंचे। वहां उन्होंने प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने ग्रामीणों की मांग पर प्राथमिक शाला भवन की शीघ्र मरम्मत कराने के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने गांव के उपयुक्त स्थान पर नए आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण एवं भवन आदि से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ग्राम कुदारी दल्ली में ग्रामीणों के समुचित आवागमन के लिए मनरेगा के अंतर्गत छोटा पुल निर्माण करने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया।

### कलेक्टर व जिपं सीईओ ने घीना में किया पौधारोपण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम घीना में पहुंचकर ग्राम घीना के नीम कॉरिडोर में पौधारोपण किया। इसके अंतर्गत ग्राम घीना में मात्र एक मिनट में 200 नीम के पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने ग्राम घीना के ग्रामीणों द्वारा जनसहयोग से किए जा रहे सघन वृक्षारोपण के कार्यों की सराहना की। उन्होंने ग्रामीणों से रोपे गए पौधों की समुचित देखभाल करने की अपील भी की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने ग्रामीणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डौण्डीलोहारा के एस.डी.एम. शिवनाथ बघेल एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत ने संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घीना के सरपंच और ग्रामीण मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने लोगों को बताए नशे के दुष्परिणाम

**बालोद/कलंगपुर।** समाज में बढ़ती नशाखोरी एवं धूम्रपान युवाओं को कम उम्र से ही शारीरिक तथा मानसिक रूप से शिकार बना रहा है। इसी बढ़ते दुर्व्यसन की रोकथाम के बारे में जागरूक करते हुए मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी प्रमोद भारती, राजेन्द्र जंघेल, कमलेश्वर एवं स्वयंसेवक धारना, भारती, तुषार सिन्हा, खिलजा, सतीश, गजेंद्र, लोचन, रीतु, टाकेश, नेहा, नीलकंठ मुकुंद कौशल, धनंजय, धनेंद्र, डुमेश का विशेष योगदान रहा।

### धोबी समाज का परिचय सम्मेलन आज रायपुर में

**अंडा।** धोबी समाज के विवाह योग्य बेटा-बेटी परिचय सम्मेलन राजधानी रायपुर के नातिन धोबीन दाई परिसर बोरिया खुर्द में दोपहर 11 अगस्त को 12 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राज्य भर से मुखिया विवाह योग्य बेटा बेटी लेकर के पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान तथा प्रदेश कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, युवा कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया कि इस दौरान समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर का जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

---

**दिवस : हुच्चेटोला पहुंचे कलेक्टर व जिपं सीईओ, वन संरक्षण आजीविका उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

# विश्व आदिवासी दिवस पर दिखी प्राचीन परंपरा की झलक, जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम







**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

जिला प्रशासन द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम हुच्चेटोला में वन संरक्षण आजीविका उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित जिला स्तरीय अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से बस से सफर करते हुए ग्राम हुच्चेटोला पहुंचे। समारोह में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को आदिवासी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणों से बारी–बारी से चर्चा कर उनके व्यवसाय एवं खेती किसानी आदि के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने के संबंध में गहन विचार मंथन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे ने गांव के चबूतरा में तिरंगा लगाकर जिले में हर–घर तिरंगा लगाने के अभियान का विधिवत आगाज किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने वनाधिकार पत्रधारी कृषकों एवं ग्रामीणों से बारी–बारी से चर्चा कर, उनके कुल जमीन, व्यवसाय, वार्षिक आय आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा ग्रामीणों से उनके आय में वृद्धि हेतु उनके रूचि के व्यवसाय तथा कार्यों के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बारहमासी खेती करने हेतु सिंचाई सुविधा के लिए बोर खनन एवं मोटर पंप के मांग के अलावा, मुगऍपालन, मछलीपालन तथा अन्य व्यवसाय को प्रारंभ करने हेतु सहयोग करने की मांग की कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणों के रूचि के अनुरूप उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उनके व्यापार व्यवसाय एवं विभिन्न आजीविका मूलक कार्यों के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



#### बस में सवार होकर गांव पहुंचे कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांगों एवं जरूरतों को समझने के लिए मैं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ बस में सवार होकर आपके गांव में पहुंचा हूं। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों को भी आगे आना होगा। उन्होंने बच्चों को कुपोषण दूर करने हेतु बच्चों को अनिवार्य रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने की अपील भी की। इसके अलावा किसानों को धान के अलावा दलहन–तिलहन, साग–सब्जी, मक्का आदि फसल लगाने तथा इस कार्य में समूह की महिलाओं को भी सक्रिय भूमिका निभाने कहा। श्री चन्द्रवाल ने एक–एक करके ग्रामीणों के सभी मांगो को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप पूरे देश के मजदूरों एवं किसानों के आय को दुगुना करने हेतु शासन द्वारा किए जा रहे उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को अंचल एवं स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप आय दुगुना करने के उपायों के संबंध में भी जानकारी दी।

#### सीईओ ने छत्तीसगढ़ी में की बात

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ी बोली में चर्चा कर शासन द्वारा उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी दी। डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों को अपने आय बढ़ाने के लिए खेती किसानी के अलावा व्यापार, व्यवसाय पर भी ध्यान देने को कहा। इसके अंतर्गत उन्होंने ग्रामीणों को मछलीपालन, मुर्गीपालन, कारपेंटर का कार्य करने तथा महिलाओं को अपने घरेलू कार्य के अलावा सिलाई–बुनाई आदि कार्य करने को कहा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कुदारी दल्ली को सामूहिक वन संसाधन अधिकार पत्र समूह प्रदान किया गया। इसके अलावा अतिथियों के द्वारा नन्हे मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट पौष्टिक भोजन खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार कराया गया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर जुटे समाज के लोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर**



विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन ब्लॉक स्तर पर गोंडवाना भवन गुरुर में किया गया। आस पास के ग्रामीण आदिवासी समाज ने इसमें भरपूर योगदान प्रदान किया। आदिवासी समाज के युवा युवती अपने बेशभूषा में नज़र आए। गोंडवाना भवन गुरुर से आदिवासी वेशभूषा एवं नित्य के साथ रैली निकाली गई। आंबेडकर चौक से बसस्टैंड पहुंचने पर शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद पूरे समाज द्वारा एक साथ सामूहिक नृत्य किया गया। सामूहिक नृत्य में बच्चों से लेकर बूढ़े तक शामिल थे। उसके बाद रैली धनेली चौक से होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस गोंडवाना भवन पहुंची। वहां समाज के बच्चों ने पारंपरिक नृत्य कर अपनी आदिवासी संस्कृति को बचाए रखने एवं नारी शिक्षा को बढ़ाने का संदेशा दिया।

#### दुग्गाबाहरा में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

**गुरूर।** शुक्रवार को पंचगईयां गोंडवाना समाज बड़भूम द्वारा ग्राम दुग्गाबाहरा में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। समाज के महिलाओं ने शीतला मंदिर से कलश यात्रा निकालकर बाजे गाजे के शोभायात्रा निकाली। कला मंच में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। ग्राम कंकालिन, दुग्गाबाहरा, बडभूम, पेटेचुवा के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि रामचंद कुरैटी सुकालू राम नेताम पूर्व सरपंच सहदेव हिडको ने संबोधित किया।




## गुण्डरदेही नगर में धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही**

विश्व आदिवासी दिवस पर शुक्रवार को आदिवासी समाज के कलाकारों द्वारा आदिवासी नृत्य करते हुए पूरे गुण्डरदेही नगर में भ्रमण करते हुए अर्जुंदा चौक में स्थित शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। उक्त अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आदिवासियों की जीवनशैली, खानपान और रीति–रिवाज आम जनजीवन से काफी अलग होती है और यही इनकी संस्कृति की विशेषता है। आज के इस महत्वपूर्ण दिन, विश्व आदिवासी दिवस हमें आदिवासी समुदायों के अधिकारों, उनकी संस्कृति और उनकी समस्याओं पर ध्यान देने का अवसर मिला है हम सब मिलकर उनके विकास के लिए काम करें। पूर्व विधायक सहित वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी लोग जंगल की रक्षा करते हैं विश्व आदिवासी दिवस, एक ऐसा अवसर है जो पूरी दुनिया के आदिवासी लोगों के योगदान, संस्कृति और अधिकारों को मान्यता देती है।

## बड़गांव में शिक्षकों को दिया गया आईसीटी प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा**



ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित आईसीटी प्रोजेक्ट डीजी दुनिया का एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में ब्लॉक के 25 आईसीटी स्कूलों के शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर रजिंदर भुआर्य, प्यारे लाल सिन्हा और गिरीश साहू ने एक सर्वर कंप्यूटर को अन्य थिन क्लाइंट से कैसा जोड़ा जाए, इस विषय पर विस्तार से समझाया। वहीं, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर को कैसे चालू बंद करें, इसकी भी जानकारी दी गई। संस्था प्रमुख जेके उईके ने भी इस प्रोजेक्ट की विशेषता को बताते हुये सभी शिक्षक साथियों से स्मार्ट तरीके से पढ़ाई कराने पर जोर दिया।

## संभागस्तरीय शालेय खेल योग स्पर्धा में शामिल होंगे बासीन के 17 विद्यार्थी

**गुरूर।** स्कूल शिक्षा विभाग शासन द्वारा अयोजित जिला स्तरीय शालेय खेल योग का चयन प्रक्रिया 7 अगस्त को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालोद के विवेकानंद सभागार में जिला खेल समन्वयक सपन जैना के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। इसमें बालोद जिले के सभी विकासखंडों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान शासकीय पूर्व माध्यामिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बासीन के 17 छात्र-छात्राओं का चयन संभाग स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित छात्राओं में बालिका 17वर्ष में कुलदीपिका, दीक्षा, केजल, जागृति, धारणी, लीना, बालिका 17 वर्ष में ओजस्वी, विद्या, सीमा, तानिया, बालिका 19 वर्ष में रिंधिमा, अंजली, खुशी, दीपांजलि, चंचल, एवं बालक 14 वर्ष में यश कुमार, दानवीर का चयन हुआ। चयनित छात्र–छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले, जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक श्री जैना, ग्रामवासियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

**बजरंग व्यायाम शाला में नागराज की पूजा-अर्चना के बाद हुई प्रतियोगिता**

## नागपंचमी पर हुई कुश्ती, नन्हें पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच







**विजेताओं को किया गया पुरस्कृतः** कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को स्मृति कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। पूर्व पार्षद गोलू महाराज, अरुणा यादव, मुरली ढ़ीमर देवा, थीमर दिग्विजय यादव ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पूर्व व्यायाम शिक्षक आरपी यादव का खिलाड़ियों ने स्वागत किया। श्री यादव ने पूर्व के पहलवानों के बारे में जानकारी देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में डीएन योगी, बलवंत योगेश यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

नगर के बजरंग व्यायाम शाला में नाग पंचमी के अवसर पर नाग देवता व भगवान हनुमान की विशेष पूजा की गई। इसके साथ ही व्यायाम शाला के सभी अस्त्र-शस्त्रों तलवार, भाला, लाठी, भनेट, पट्टा, मुद्गल की भी पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद छोटे-छोटे अखाड़ा के बच्चों की कुश्ती प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में 20 पहलवानों ने भाग लिया। इस अखाड़ा में पूर्व में इस पर्व पर जिला स्तरीय कुश्ती होती थी, जिसमें दुर्ग, भिलाई से पहलवान कुश्ती लड़ने आते थे, जिसमे देखने वालों की काफी भीड़ होती थी। बाद में धीरे-धीरे लोगों की रुचि खत्म होने लगी। लेकिन विगत 5 वर्षों से रामेश्वर ढीमर, नेमीचंद, तनवीर खान, आनंद, लखन, जग्गू, छीतीस यादव, नारायण सोनबोर, मिलकर कुश्ती का आयोजन करते हैं। परंतु इस समय बरसात को देखते हुए अखाड़ा में ही छोटे छोटे लड़के और लड़कियों की कुश्ती कराई गई।

## प्रदेश साहू संघ अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का सम्मेलन आज



**बालोद।** प्रदेश साहू संघ अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सम्मेलन व सम्मान समारोह 11 अगस्त को रायपुर के पंडित दीनदयाल आटोडिरियम में रखा गया है। इस समारोह में जिले के पांचों विकासखण्ड से बड़ी संख्या में प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यकारी संयोजक बेनूराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे, अध्यक्षता साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू करेंगे। साहू समाज के सभी 12 विधायक सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रदेश साहू संघ के समस्त पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के संयोजक विशेष आमंत्रित अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम के बारे में प्रदेश अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रघुनंदन गंगबोईर ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए राज्य के प्रत्येक जिले के समाज के आइएएस, आइपीएस, डायरेक्टर व उच्चधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। सम्मान के लिए नाम जिलाध्यक्ष या जिला संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया था।

खबर संक्षेप



## भाजपा नेताओं ने किया सीएम साय का स्वागत

**बेमेतरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जिला मुख्यालय आगमन पर हेलीपैड स्थल में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक लाभचांद,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।

## सिंघौरी स्कूल में बस्ता मुक्त दिवस पर हुआ हर घर तिरंगा कार्यक्रम




**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में बस्ता मुक्त दिवस पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान हमारे देश की राष्ट्रीय झंडा के बारे में शिक्षकों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही साथ विश्व संस्कृत दिवस पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित सरस्वती साहू,राजेश्वरी ठाकुर, आगेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, नूतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में की गई नियुक्तियां

**गुण्डरदेही।** पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अधिसूचना 16 जुलाई के अनुसार आयोग में नई नियुक्तियां की गई हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग मंत्रालय ने इसका आदेश और नवनियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों नामों की सूची जारी की है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सेवानिवृत्त आईएएस आर.एस विश्वकर्मा को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 6 सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक और पूर्व सचिव राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बलदाऊराम साहू, सिर्राभांठा (बालोद) को सदस्य नियुक्त किया गया है। बलदाऊ राम साहू वर्तमान में हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष हैं।

### दिवस : बच्चों ने संस्कृति और संस्कार को लेकर प्रतिभा का किया प्रदर्शन

# शासकीय प्राथमिक शाला रानो में विश्व आदिवासी दिवस पर हुई विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के अंतिम छोर पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में नवाचारी शिक्षिका प्रज्ञा जैन ने बच्चों में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान बस्तर आर्ट, बम्बू आर्ट, छत्तीसगढ़ का पहनावा, आदिवासी संस्कृति, खानपान इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसमें दीप सजाओ प्रतियोगिता, मटका सजाओ प्रतियोगिता, वृक्षारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि का भी बहुत सुंदर आयोजन किया गया।

वृक्षारोपण प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने कौशल को दिखाते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित पुरानी कला को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया। सीसीआरटी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नवाचारी शिक्षिका प्रज्ञा जैन ने बताया कि आज के डिजिटल युग में हमें अपनी संस्कृति को बचाना अति आवश्यक हो गया है। जिसके लिए सबसे अच्छा साधन शिक्षक एवं बच्चे ही हो सकते है। पढ़ाई में लोक कला के समावेश से बच्चो में भविष्य हेतु एक नया संचार हो सकता है तथा विद्यार्थी अपनी संस्कृति के साथ कैसे नया भविष्य गढ़ने में समर्थ हो सकते हैं। यह दायित्व शिक्षकों का है कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ उनकी संस्कृति से भी जोड़ कर रखे। इसके लिए आवश्यक है कि समय समय पर इस तरह का आयोजन करे। जिसमें विद्यार्थियों को अपने राज्य की विभिन्न कला एवं संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त होती रहे।

कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला रानो के प्रधानपाठक किशुन साहू, प्राथमिक शाला से टोमन लाल धनकर एवं संकुल समन्वयक सरोज कुमार यदु एवं गांव के गणमान्य नागरिक बच्चे उपस्थित थे।



### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ठेलका में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**बेमेतरा।** ठेलका के सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत रैली, रंगोली, भाषण, निबंध, गीत, नृत्य, पारम्परिक आदिवासी वेशभूषा, डांस प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य टिकेश्वर लाल साहू ने बताया कि आदिवासी को यहां का मूल निवासी माना जाता है। आदिवासी, जल, जंगल, जमीन, से बहुत लगाव रखते हैं। आदिवासी समुदाय अहिंसक प्रकृति प्रेमी समुदाय है एवं अपनी विशेष सांस्कृतिक पहचान के लिए विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि 1995 से हर साल 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उनके योगदान और उनके अधिकारों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है क्योंकि आदिवासी समुदाय को वैश्विक आबादी के सबसे कमजोर वर्गों में से एक माना जाता है । 9 अगस्त को आदिवासी के नाम से जाने जाने वाले स्वदेशी आदिवासी दिवस के उत्सव के माध्यम से सम्मानित किया जाता है । इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य टिकेश्वर लाल साहू,शिक्षक यशवंत वर्मा, दुर्गेश साहू, सुरेन्द्र गायकवाड़, प्रवीण मिरी, यशवंत चंद्रवंशी, चन्द्रहास साहू, श्रद्धा देवांगन,कामिनी पवार, शिखा राजभर, सीमा पटेल, भूमिका कुंजाम उपस्थित रहे ।

# एसडीएम माहेश्वरी ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

साजा एसडीएम टीआर माहेश्वरी ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल, परपौड़ी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। श्री माहेश्वरी ने सुनिश्चित किया कि बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिले, जिससे उनकी सेहत और शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। इसके अलावा श्री माहेश्वरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, परपौड़ी और देउरगांव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए मरीज़ों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। मरीज़ों के स्वास्थ्य का हालचाल जानने के साथ-साथ, उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया। उन्होंने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए। श्री माहेश्वरी का यह दौरा जनता की स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु उनके संकल्प को दर्शाता है। उनके इस प्रयास से क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं में सुधार की उम्मीद की जा रही है।

## डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024 हेतु डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन 31 अगस्त तक मंगाए गए हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषक उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन कृषि विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन भर कर इस कार्यालय में 31 अगस्त तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की वेबसाईट एग्री पोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर प्राप्त की जा सकती है।

# बच्चों में अंग्रेजी का भय दूर करने शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

### डाइट में आयोजित स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



5 से 10 अगस्त तक आयोजित बेमेतरा विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में किया गया। इस प्रशिक्षण के स्त्रोत व्यक्ति के रूप में विश्वनाथ शर्मा, अशोक कुमार साहू उपस्थित थे। डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में प्राथमिक शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा क्षमता विकास एवं स्पोकन इंग्लिश के समस्त गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एसआरजी विश्वनाथ शर्मा ने फाइंडिंग योर ट्विन, ब्लेंइड क्रिएचर, फ्लुएंसी इन स्पीकिंग इंग्लिश, जॉश ओफ डेथ, प्रेजेंटिंग एडवरटाइजमेंट, कल्चरल एक्टिविटीज, शेयरिंग रेसिपीज आदि गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी भाषा सीखने का कौशल की जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर्स विश्वनाथ शर्मा ने लिंकर शब्द, डिफरेंट यूजेस ऑफ़ हेल्पिंग वर्ब्स, डिफरेंट स्ट्रक्चर ऑफ़ स्पोकन इंग्लिश, डिफरेंट यूजेस ऑफ़ आई टी जैसे बिंदुओं पर अपनी प्रस्तुति प्रदान की। मास्टर ट्रेनर्स अशोक कुमार साहू ने सेल्फ इंट्रोडक्शन ट्रिक, प्रीपोजिशन, उसे ऑफ़ 'द' विद ट्रिक जैसे महत्वपूर्ण ग्रामेटिकल बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किए। साथ ही साथ गेसिंग गेम, वॅटीवर स्पीक नॉन स्टॉप, सिचुएशन कन्वर्सेशन, स्टोरी ऑफ़ माय लाइफ आदि बिंदुओं के माध्यम से अंग्रेजी प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रेजेंटेशन बाय ग्रुप में क्रिएटिविटी वे आदि तरीकों से अंग्रेजी भाषा सीखने के कौशल पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर डाइट बेमेतरा के व्याख्याता थलज कुमार साहू ने शिक्षकों को संबोधित एक साथ मिलकर अपने-अपने विद्यालय को इंग्लिश मय बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने को कहा। डाइट बेमेतरा की व्याख्याता और प्रशिक्षण प्रभारी श्रद्धा तिवारीख डाइट बेमेतरा के व्याख्याता जीएल खुटियारे ने भी संबोधित किया। अंतिम दिवस प्रतिभागियों ने कल्चरल एक्टिविटी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका ज्योति गुंबर और शिक्षक प्रदीप साहू ने किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, डीआरजी विश्वनाथ शर्मा, अशोक कुमार साहू स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण की प्रभारी श्रद्धा तिवारी सहित पूरे बेमेतरा विकासखंड के 59 शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी।

### भोपाल में हुई एसोसिएशन की बैठक में दी गई सदस्यता

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल को बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



हाल ही में संपन्न हुई बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की वार्षिक आम बैठक में, बेमेतरा स्थित एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल को इस प्रतिष्ठित संगठन की सदस्यता प्रदान की गई। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल छत्तीसगढ़ का पहला स्कूल है जिसे बीएसएआई की सदस्यता प्राप्त हुई है।

बीएसएआई देश के शीर्ष 50 बोर्डिंग स्कूलों का संगठन है, जिसमें दून स्कूल देहरादून, वेल्हम गर्ल्स स्कूल, मेयो कॉलेज अजमेर, सिंधिया स्कूल ग्वालियर, लॉरेंस स्कूल सनावर और ऊटी, गुड शेफर्ड इंटरनेशनल स्कूल, राजकुमार कॉलेज राजकोट, संस्कार वैली स्कूल, सनबीम स्कूल वाराणसी और यूनिसन वर्ल्ड स्कूल शामिल हैं। यह बैठक एजीएम भोपाल में स्थित संस्कार वैली स्कूल में अगस्त 2024 को प्रथम सप्ताह में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. सुमेर सिंह, पूर्व प्रिंसिपल डेली कॉलेज इंदौर ने की। डॉ. सिंह ने स्कूल का बीएसएआई में स्वागत किया और उम्मीद जताई कि यह संघ सभी हितधारकों के लिए लाभदायक साबित होगा।

स्कूल के प्रिंसिपल पंकज जोशी ने स्कूल के बीएसएआई का सदस्य बनने पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस सदस्यता से हमारे छात्रों और शिक्षकों के लिए कई नए द्वार खुलेंगे क्योंकि अब वे देश के शीर्ष बोर्डिंग स्कूलों के ज्ञान और अनुभव के संगम से लाभान्वित हो सकेंगे।

स्कूल की निदेशक एवं अध्यक्षा भावना बोहरा ने इस उपलब्धि पर अपनी गहरी खुशी व्यक्त की । उन्होंने कहा कि हम शिक्षाजगत में देश के सर्वश्रेष्ठ विद्वानों के साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के लिए तत्पर हैं, क्योंकि अब हम बीएसएआई के तहत देश के शीर्ष बोर्डिंग स्कूलों के साथ हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष विद्यालय विद्यार्थियों का चयन कर विभिन्न प्रकार के स्कूल एक्सचेंज प्रोग्राम में भेजा जाता है। जिसमें बच्चे देश की सुप्रसिद्ध स्कूलों द्वारा आयोजित विभिन्न शैक्षिक, क्रीडा, सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं जिससे उपलब्धियों के साथ उनकी सोच का दायरा बढ़ता है, सर्वांगीण विकास होने के साथ-साथ देश और दुनिया को समझने का मौका मिलता है एवं विभिन्न संस्कृति से आए छात्र-छात्राओं से जुड़ने का सुअवसर प्राप्त होता है।

## तिरंगा हमारी आन-बान-शान व पहचान है, शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में हुआ हर घर तिरंगा

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को चित्रकला, रंगोली, निबंध लेखन तथा कविता वाचन करवाया गया। ग्राम के नागरिकों को आमंत्रित कर शाला से रैली निकाली गई। शाला से संदेश दिया गया कि सभी को अपने घर तिरंगा फहराना है। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान, शान और हमारी पहचान है। तिरंगा हमारा राष्ट्र ध्वज हैं, राष्ट्र ध्वज का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है,



जिसे हम सभी को निभाना है। हमारा देश, हमारा राष्ट्र ध्वज, हमें अपने प्राणों से भी अधिक प्यारा है। प्रधान पाठक ललित निर्मलकर द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए गए। सभी से अपने घरों में तिरंगा लहराने का अनुरोध किया गया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई देते हुए इसी तरह शाला में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि चित्रेंद्र वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष राम स्वरूप ध्रुव, उर्मिला, रूखमणी, पंचवती साथ ही अन्य ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# डायमंड पब्लिक स्कूल साजा में बस्ता विहीन दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

डायमंड पब्लिक स्कूल साजा में बस्ता विहीन दिवस कार्यक्रम प्राथमिकता से लागू किया गया है। शाला की संचालिका सरिता तिवारी सहित प्राचार्य पद्मिनी सिन्हा, शिक्षिका ललिता पटेल, पूजा जोशी, गीता साहू, चंचल वर्मा,निम्मी वर्मा, पायल राजपूत, हेमीन वर्मा,शुक्लामणि कुर्रे, धनंजय राजपूत, गीता गोसाई आदि के सहयोग से बच्चों को भारतीय अभिव्यक्त रेखाएं, रंगोली हस्तकला, मॉडल निर्माण थाली सजाओ प्रतियोगिता जैसी लोकप्रिय गतिविधियों से जोड़ा गया है। इस बार की थाली सजाओ प्रतियोगिता



में गरिमा राजपूत को प्रथम, देवेश कुमार ठाकुर को द्वितीय तथा हस्तकला प्रतियोगिता में लक्ष्मी मरकाम को प्रथम और सोनाली बघेल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में दिव्यांशी निषाद ने छत्तीसगढ़ महतारी और स्नहार्ष कोसले ने कलेक्टर की वेशभूषा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाला में बेहतर हस्तकला का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा योजना सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली द्वारा संचालित होती है,से जोड़ने का प्रयास प्रधान पाठक व संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा द्वारा किया जा रहा है। इस प्रयास के लिए वार्ड पार्षद पुष्पा सिन्हा ,शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की है।




# केशतरा स्कूल के बच्चों को पूर्व छात्रों ने भेंट की जर्सी-निकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा



केशतरा स्कूल के सीनियर छात्रों व पूर्व खिलाडियों देवीलाल लिखनु निषाद कुलदीप निषाद ओंकार संजय चोवाराम निलेश रूपेन्द्र तुलेश्वर कृष्णा कान्हा ज्वाला ने यहां के बच्चों के खेलने के लिए जर्सी निकर भेंट किया। खेल को प्रोत्साहित करने के लिए अपने छोटे-छोटे भाई बहनों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद के रूप में 25 नग सेट जर्सी भेंट किया। प्रधान पाठक पवन साहू प्रभारी प्राचार्य नेमेश्वरी साहू गणेश्वर ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक गीतेश देवांगन प्रदीप ठाकुर ओंकार डड़सेना रोशन महिलांगे नागेश्वर चौहान गौतम साहू सीमा चक्रधारी ने पूर्व छात्रों की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि यहाँ खो-खो, तैराकी, वॉटरपोलो में बच्चे राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। इसी वर्ष संभाग स्तरीय शालेय खेल खो खो 14 वर्ष बालिका में मुनिता उमा ने खैरागढ़ संभाग स्तरीय शालेय खेल में बेमेतरा जिला का प्रतिनिधित्व किया। बालक वर्ग 17 वर्ष खिलेश्वर बालिका 17 वर्ष में भूमिका किरण तन्नु निकिता का चयन हुआ जो बालोद में खेलेंगे। इनके कोच प्रधान पाठक पवन साहू क्षेत्र के बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

